काशी हिन्दू विश्वविद्यालय BANARAS HINDU UNIVERSITY

Azadi Ka Amrit Mahotsav

कुलसचिव कार्यालय
सामान्य प्रशासन
Office of the Registrar
General Administration

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

विश्वपंचांग सं. 2079 के प्रतियों के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण

प्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से विश्वपंचांग संवत् 2079 अंक की न्यूनतम 33,000 प्रतियों की बिक्री हेतु बंद लिफाफा में निम्न शर्तों पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र मूल्य रू. 1000/– मात्र (अप्रदेय), बिक्री राशि पर कमीशन 40 प्रतिशत। विश्वविद्यालय के पास बिना कोई कारण बताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने अथवा एक से अधिक निविदाकर्ताओं में बिक्री हेतु पंचांग वितरित करने का अधिकार सुरक्षित है। उप–कुलसचिव (सामान्य प्रशासन), का0हि0वि0वि. वाराणसी–221005 के कार्यालय से निविदा प्रपत्र कार्य दिवसों में 10.30 **बजे से** 3.00 **बजे के मध्य** 08, **अक्टूबर**, 2021 तक प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.bhu.ac.in** पर भी उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर रू. 1000/– मात्र का डिमान्ड ड्राफ्ट कुलसचिव, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम से देय, के साथ भी कार्यालय में जमा किये जा सकते है।

कुलसचिव

Varanasi 221005,
UP, INDIA
T: 91-542-2368903,
F: 91-542-2369100
Web: www.bhu.ac.in

• क्रम संख्या–

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

निविदा प्रपत्र

निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1000/– मात्र (अप्रदेय)

सम्वत्–2079 के विश्वपंचांग के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण प्रपत्र

प्रातः स्मरणीय, महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी द्वारा प्रकाशित सुप्रसिद्ध विश्वपंचांग का 97 वाँ अंक अपनी अक्षुण्ण परम्पराओं के अनुरूप विक्रय हेतु शीघ्र सुलभ होने वाला है।

विश्वपंचांग की मूलभूत विशेषतायें

1. शुद्ध भारतीय पद्धति (सूर्य सिद्धान्त) द्वारा इसका निर्माण किया जाता है।
2. इस पंचांग में ज्योतिष विषयक विविध सामग्री, प्रायः सभी महत्वपूर्ण मुहूर्तों के उपकरण तथा व्रत पर्वों के निर्णय धर्मशास्त्रीय आधार पर दिये जाते है
3. संध्या, तर्पण, जप विशिष्ट अवसरों हेतु पूजन–विधि के साथ–साथ लगभग 29(उन्तीस) व्रत–कथा एवं उपाख्यानों का संग्रह प्रति वर्ष दिया जाता है।

प्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से विश्वपंचांग के सम्वत्–2079 अंको की प्रतियों की बिक्री हेतु बंद लिफाफा में निम्न शर्तों पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

4. बिक्री–राशि एवं 40 प्रतिशत कमीशन का दर निम्नवत् होगा।
   पंचांग का न्यूनतम बिक्री मूल्य रू 31.65/– प्रति पंचांग बिक्री मूल्य का + 18 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (रू 5.70/–) + व्यावसायिक छूट (परिवर्तनीय) रू 12.65/– (01–75,000 तक)
5. निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकर्ता द्वारा रू0 75,000/– सुरक्षा राशि के रूप में जमा करने होंगे।
6. विश्वविद्यालय के पास बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत अथवा एक से अधिक निविदाकर्ताओं में बिक्री हेतु पंचांग वितरित करने का अधिकार सुरक्षित है।
7. पंचांग का मूल्य रू0 50/– एक प्रति
8. बाईडिंग खर्च (खुले प्रतियों के लिए) रू0 1310/– एक हजार प्रति हेतु
9. प्रतियों का मूल्य बैंकर्स चेक द्वारा जमा करना होगा जो "कुलसचिव" काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम देय हो।
10. एक अनुबन्ध पत्र जिसमें यह उल्लेखित होगा कि आपके द्वारा उल्लिखित प्रतियाँ अवश्य क्रय करना होगा (निविदा स्वीकृत होने के बाद देय होगा)।
11. निविदा स्वीकृत हो जाने पर आपके द्वारा क्रय की गयी प्रतियों से अधिक की माग यदि हो तो 15 दिन पूर्व अग्रिम भुगतान के साथ सूचना देने पर प्रतियाँ उपलब्ध होगी।
12. पूर्ण रूप से भरी निविदायें संयुक्त कुलसचिव (सामान्य प्रशासन), का0हि0वि0वि के कार्यालय में दिनांक 08.10.2021 को 3.00 बजे अपराहन तक जमा की जा सकती है। निविदाये उसी दिन 3.30 बजे अपरान्ह समिति कक्ष संखया–2 केन्द्रीय कार्यालय में खोली जायेगी।

प्रतिष्ठान द्वारा भरा जाय

मैं (नाम)..वास्ते (प्रतिष्ठान का नाम)..

पूरा पता..

उपरोक्त शर्तों एवं नियम से सहमत हूँ और विश्वपंचाग 2079 की कम से कम 33,000 प्रतियाँ अवश्य उठा लूँगा। मेरी निविदा स्वीकृत हो जाने पर मेरे द्वारा उपरोक्त नियम एवं शर्तों में किसी प्रकार की अनियमितता या ढील पाये जाने पर मेरी निविदा निरस्त कर दी जाय और सुरक्षा–धनराशि जब्त कर ली जाय।

दिनांक

नाम–

प्रतिष्ठान का नाम–

पूरा पता–

नोटः निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर रू0 1000/– मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट (अप्रदेय) कुलसचिव, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम से देय, के साथ भी कार्यालय में जमा किये जा सकते है।